# University in News on 05 August 2025

## JAGRAN CITY PAGE III

### 'अनुसंधान में एआइ और मशीन लर्निंग की आवश्यकता'




जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग के जैव सूचना विज्ञान केंद्र में सोमवार को तीन दिवसीय "शोध में कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के दृष्टिकोण" विषय पर कार्यशाला शुरू हुई। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि मानवीय भावनाओं और डेटा अधिग्रहण पर इसके प्रभाव को समझने के लिए कम्प्यूटेशनल बायोलाजी, एआइ और मशीन लर्निंग को एकीकृत करने के प्रयास किए जाने चाहिए। विज्ञान संकाय की डीन प्रो. शीला मिश्रा ने गुणात्मक अनुसंधान में एआइ और मशीन लर्निंग (एमएल) के एकीकरण और मुख्य वक्ता सीएसआइआर- केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के मुख्य विज्ञानी डा. मोहम्मद इमरान सिद्दीकी ने औषधि डिजाइनिंग के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने जीवन विज्ञान अनुसंधान में जैव सूचना विज्ञान के महत्व और मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में बताया।

### बीए का सीट आवंटन, एमए, एमएससी की मेरिट जारी

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने आनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत मेरिट के आधार पर बीए (एनईपी) का पहला सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थियों को अपना सीट आवंटन देखकर आनलाइन सीट आवंटन फीस सात अगस्त को रात 12 बजे तक जमा करनी होगी। वहीं, एम.ए/एम.एससी गणित की मेरिट भी जारी हो गई है। दूसरी ओर, बीवीए/बीएफए में च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अभ्यर्थी सात अगस्त तक फिलिंग कर सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एम.एससी बायोकेमिस्ट्री, एमपीएच, एम.एससी बायोटेक्नोलाजी, एमए एजुकेशन और बीलिबआइएससी का सीट आवंटन मंगलवार को दोपहर 12 बजे जारी होगा। सीट पाने वाले आठ अगस्त तक फीस जमा कर सकते हैं।

### 'आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशीकरण जरूरी'

जागरण संवाददाता ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर एमके अग्रवाल ने कहा, 'अर्थशास्त्र के पश्चिमी माडल ने सरकार पर लोगों की निर्भरता बढ़ा दी, लेकिन आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशीकरण आवश्यक है। स्वदेशीकरण केवल आर्थिक नहीं है, ये देश की आत्मा है। स्वदेशीकरण का हमारा जो भाव है, वह पश्चिमी देशों का नहीं हो सकता। उनका अर्थशास्त्र का माडल फेल हो गया है। वर्ष 2030 तक दुनिया को दूसरा अर्थशास्त्र देना होगा।' प्रो. अग्रवाल सोमवार को दैनिक जागरण कार्यालय में आयोजित जागरण विमर्श में बोल रहे थे।

जागरण विमर्श



प्रोफेसर एमके अग्रवाल ● जागरण

अमेरिकी टैरिफ लागू होने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वदेशी अपनाओ' पर जोर दिया है। दैनिक जागरण ने इसके दृष्टिगत जागरण विमर्श का विषय रखा 'वैश्विक आर्थिक चुनौतियां और भारत का स्वदेशीकरण'। प्रो. अग्रवाल ने इस पर विस्तार से विचार रखे। कहा, 'विश्व कई प्रकार की उथल-पुथल से गुजर रहा है, पर तथाकथित विकसित राष्ट्र अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं? उत्तर है- नहीं।' उन्होंने कहा, 'वर्ष 1776 में अर्थशास्त्र के जनक एडम स्मिथ ने पश्चिमी देशों को एक माडल दिया। इसी दौर में स्वतंत्र अमेरिका उभरा। इसके बाद 18वीं-19वीं सदी आर्थिक-सामरिक ताकतों को स्थापित करने में गुजर गई। ब्रिटेन ने हमारे देश के उत्पादों को नष्ट किया। इस बीच ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सहित कई देश अपना आत्मविश्वास तोड़ चुके थे। वे हमारे वैभव पर अपना भविष्य देख रहे थे। तब चीन आगे बढ़ा। हालांकि दोनों विश्वयुद्ध घातक साबित हुए। 20वीं सदी में अर्थशास्त्र थोड़ा-थोड़ा पनपना शुरू किया। पश्चिम में टकराव के बीच चीन अनैतिकता में आगे बढ़ा और विश्व में उत्पादन का हब बन गया।' प्रो. अग्रवाल ने कहा, 'पश्चिमी देशों में न संस्कृति है न समाज। हमारे यहां समाज भी है और संस्कृति भी। संस्कृति ही नहीं, वेश-भूषा, इतिहास और परंपरा से भी जुड़ा है स्वदेशीकरण। जिन्होंने लूटपाट किया, वे क्या जानें स्वदेशीकरण? कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनके विकास और स्वदेशकरण से देश में ग्रोथ बढ़ेगी।'

**अर्थव्यवस्था मजबूत, इसलिए संभल गया भारत :** प्रो. अग्रवाल ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में वैश्विक संस्थाएं नाकारा साबित हुईं। वर्ल्ड बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थाएं बेकार साबित हो रहीं। संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाएं कुछ देशों की पिछलग्गू बन गईं। कोविड के बाद अमेरिका ने ब्याजदर बढ़ाई तो दुनिया के कई देश अमेरिकी डालर की शरण में चले गए। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत थी, इसलिए हमारा देश संभल गया।'

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### एमए, एमएससी-मैथ्स का रिजल्ट जारी

**लखनऊ।** लविवि में सोमवार को एमए, एमएससी इन मैथमेटिक्स की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विवि की बेवसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### परास्नातक के पांच पाठ्यक्रमों के लिए आवंटन सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मेरिट के हिसाब से परास्नातक के पांच पाठ्यक्रमों में सीटों के आवंटन की पहली सूची सोमवार को जारी कर दी गई। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में एमएससी-बायोटेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमए इन एजुकेशन, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी इनफॉर्मेशन साइंस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आठ अगस्त तक फीस जरूर जमा कर दें। (माई सिटी रिपोर्टर)

### बीए की पहली आवंटन सूची जारी

**लखनऊ।** लविवि में बीए (एनईपी) की सीटों के लिए पहली आवंटन सूची सोमवार को जारी कर दी गई। प्रवेश समन्वयक ने बताया कि मेरिट के हिसाब से जारी की गई आवंटित सूची देखकर विद्यार्थी सात अगस्त तक फीस जरूर जमा कर दें। (माई सिटी रिपोर्टर)

## AMRIT VICHAR PAGE 6

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास : कुलपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नवयुग कन्या महाविद्यालय केंद्रीय शिक्षाशास्त्र विभाग व विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन एवं चुनौतियां विषय पर विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



नवयुग कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम में कुलपति डॉ. मनुका खन्ना व अन्य।

संगोष्ठी का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं समागत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. मनुका खन्ना कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय ने कहा कि नई शिक्षा नीति छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ चरित्रवान और देशभक्त नागरिक बनाती है। कार्यक्रम में प्रो. जयशंकर पांडे, डॉ. सुभाष मिश्रा, प्रोफेसर चंदना डे उपस्थित रहीं।

## i-NEXT PAGE 4

### बीएससी आनर्स स्टूडेंट्स का दीक्षारंभ 18 से

लखनऊ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय ने बीएससी आनर्स कृषि सेल्फ फाइनेंस कोर्स की क्लास 25 अगस्त से शुरू होंगी. इसकी समय सारिणी जारी की जा चुकी है. संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर गौरी सक्सेना ने बताया कि विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम 18 से 23 अगस्त तक होगा.

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि के जैव रसायन विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन



लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग के जैव सूचना विज्ञान केंद्र में 'शोध में कम्प्यूटेशनल वायोलॉजी के दृष्टिकोण' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। प्रो. मनुका ने इस वहुविषयक कार्यशाला के आयोजन के लिए विभाग को वधाई दी। उन्होंने आग्रह किया कि मानवीय भावनाओं और डेटा अधिग्रहण पर इसके प्रभाव को समझने के लिए कम्प्यूटेशनल वायोलॉजी, कृत्रिम वुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग को एकीकृत करने के प्रयास किए जाने चाहिए। इस दौरान विज्ञान संकाय की डीन प्रो. शीला मिश्रा ने गुणात्मक अनुसंधान में कृत्रिम वुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के एकीकरण की आवश्यकता पर वल दिया। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डा. मोहम्मद इमरान सिद्दीकी ने औषधि डिजाइनिंग के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उद्घाटन समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. यू.एन. द्विवेदी, प्रो. एस.के. अग्रवाल, प्रो. समीर शर्मा, प्रो. सेराजुद्दीन, प्रो. मीनल गर्ग, प्रो. कुसुम यादव, प्रो. सिद्धार्थ मिश्र, डा. राज कमल श्रीवास्तव, डा. रुद्र पी. ओझा आदि उपस्थित थे।

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू: बीए में सीटें आवंटित, सात तक जमा करें फीस

**मिशन एडमिशन**

- परास्नातक स्तर के पांच विषयों का अलॉटमेंट आज
- अभ्यर्थी अपने लॉगिन से देख सकते आवंटित की गईं सीटें

**लखनऊ, संवाददाता।** एलयू में परास्नातक स्तर के पांच पाठ्यक्रमों का पहला सीट आवंटन मंगलवार को जारी किया जाएगा। जबकि बीए पाठ्यक्रम का प्रथम सीट आवंटन सोमवार को घोषित कर दिया गया। जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी से देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि बीए में जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुईं हैं वह चार अगस्त की शाम पांच बजे के बाद अपने लॉगिन से देख सकेंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन शुल्क सात अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर दें। वहीं एमएससी बायोकेमिस्ट्री, मास्टर पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन), एमएससी बायोटेक, एमए शिक्षाशास्त्र और लाइब्रेरी साइंस विषय का प्रथम सीट आवंटन मेरिट के अनुसार मंगलवार को जारी होगा। जिसका ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन शुल्क अभ्यर्थी आठ अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर सकेंगे।

#### एलयू में बीवीए, बीएफए की च्वाइस फिलिंग शुरू

एलयू में बीवीए और बीएफए की च्वाइस फिलिंग शुरू कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय और कॉलेजों में च्वाइस फिलिंग सात अगस्त तक ऑनलाइन कर सकेंगे।

#### शिया में एमकॉम की पहली मेरिट सूची जारी

शिया पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स और प्योर कॉमर्स पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राओं की प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गयी है। मेरिट सूची कॉलेज के एडमिशन पोर्टल पर है।

#### एकेटीयू में जारी परीक्षा के परिणाम

एकेटीयू सम सेमेस्टर प्रथम चरण की परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं के बीटेक, बीफार्मा, बीएफए और बीएफटीडी पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी हो चुके हैं। 17 मई से 13 जून तक आयोजित होने वाली इस परीक्षा का चैलेंज मूल्यांकन कराने के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया ने जानकारी दी।

## VoL PAGE 6

### समय से ली जाये पीएचडी सीटों की सूची

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय कुलसचिव को पत्र लिखा है। लुआक्टा की ओर से भेजे गये पत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 मे पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों से विभाग मे रिक्त विज्ञापित किये जाने के लिए पूर्णकालिक व अंशकालिक सीटों का विवरण विभागीय शोध समिति (डीआरसी) से संस्तुति कराकर 17 अगस्त तक उपलब्ध कराने का आदेश निर्गत किया गया है। वर्तमान में संगठन के संघर्षो के परिणाम स्वरूप महाविद्यालयों के शिक्षकों को भी शोध कराने का अधिकार प्राप्त हो गया है। संघ अपने पूर्व अनुभव के आधार पर आपके संज्ञान में लाना चाहता है कि कुछ विभाग अनुपलब्ध डाटा, लापरवाही या जानबूझकर अपने विषय के महाविद्यालयों के शिक्षकों को समय पर सूचित नही करते है, जिसके कारण बाद मे संघ को हस्तक्षेप करना पड़ता है और अनावश्यक विवाद बढ़ता है। इसके लिए लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय और महामंत्री डॉ. अंशु केडिया ने कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा को निर्गत पत्र का संशोधन जारी करते हुए महाविद्यालयों के प्राचार्य को भी प्रतिलिपि प्रेषित करने की मांग की है। ताकि अर्ह व इच्छुक शिक्षकों को समय से सूचना प्राप्त हो जाय तथा शोध निर्देशन के अधिकार से वंचित न रह जाए।